हड़कंप | पोस्टमार्टम में संक्रमण और चोट के मिले संकेत

# कान्हा टाइगर रिजर्व में 5 वर्षीय नर बाघ मृत मिला



**नवभारत, बालाघाट।** जिले के बार्डर में स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की परिक्षेत्र अंतर्गत मोहगांव बीट के कक्ष क्रमांक 156 में मंगलवार सुबह एक नर बाघ मृत अवस्था में मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में एक बाघ के घायल एवं अस्वस्थ अवस्था में दिखाई देने की सूचना मिलने पर क्षेत्र संचालक, उप संचालक, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी एवं अधीनस्थ अमले द्वारा लगातार बाघ की मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण किया जा रहा था। इसी दौरान गश्ती दल को बाघ मृत अवस्था में दिखाई दिया।

घटना की सूचना तत्काल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) भोपाल को दी गई। इसके बाद एनटीसीए प्रोटोकॉल के तहत पोस्टमार्टम एवं भस्मीकरण समिति के सदस्यों को मौके पर बुलाया गया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित कर डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटनास्थल का गहन निरीक्षण कराया गया। वन्यजीव चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप अग्रवाल, पशु चिकित्सक डॉ. आशीष वैद्य एवं डॉ. ज्योति मरावी के दल द्वारा मृत बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। जांच में बाघ नर पाया गया जिसकी आयु लगभग 5 से 6 वर्ष बताई गई है। पोस्टमार्टम के दौरान बाघ के शरीर पर चोट के निशान एवं फेफड़ों में संक्रमण पाया गया, जिसे मृत्यु का कारण माना जा रहा है। वहीं बाघ के सभी महत्वपूर्ण अंग जैसे केनाइन दांत, नाखून एवं मूंछ के बाल सुरक्षित पाए गए। चिकित्सक दल ने फॉरेंसिक जांच के लिए विसरा एवं अन्य सैंपल भी संकलित किए हैं।

पोस्टमार्टम उपरांत एनटीसीए द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समिति के सदस्यों की मौजूदगी में बाघ के शव का पूर्ण रूप से भस्मीकरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र संचालक रविन्द्र मणी त्रिपाठी, उपसंचालक पी.के. वर्मा, सहायक संचालक अजय ठाकुर, सहायक संचालक मितेन्द्र चिचखेड़े, तहसीलदार एस.एस. मार्को, सरपंच स्नेहलता पंद्रे, एनटीसीए प्रतिनिधि डॉ. श्रवणा गोस्वामी, फील्ड बायोलॉजिस्ट अजिंक्य देशमुख सहित वन विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## परियोजना स्तरीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन

**नवभारत, परसवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 15 मई 2026 को ग्राम पंचायत भवन चीनी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना स्तरीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती ललिता चंचल के निर्देशन में किया गया।

महोत्सव के अंतर्गत समस्त सेक्टरों में शिविर आयोजित कर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज सैम (गंभीर कुपोषित) बच्चों को पोषण किट वितरित की गई। वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरण एवं नवीन आवेदनों का पंजीयन भी किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत भी नए आवेदनों का पंजीयन किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना रहा। जनजातीय महोत्सव में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती प्रमिला उपके, पंच श्रीमती अनीता करते, सचिव भागेश चौधरी, पर्यवेक्षक उर्मिला भलावी, शबू रेटे, लीन धुर्वे, रीता वासनिक सहित ग्राम के महिला-पुरुष, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## आज केमिस्ट हड़ताल के दौरान जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति जारी रहेगी

**बालाघाट।** जिले में बुधवार 20 मई को प्रस्तावित केमिस्ट व्यापारियों की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हड़ताल के दौरान भी आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं एवं चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन बालाघाट ने बताया कि जिला चिकित्सालय, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र तथा जन औषधि केंद्रों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से दवाओं का संग्रह न करें।

## 60 वर्ष की आयु के बाद मिलेगी 3 हजार रुपये प्रतिमाह आजीवन पेंशन

**बालाघाट।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना बनकर उभर रही है। इस योजना के माध्यम से असंगठित श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित आजीवन पेंशन प्रदान की जाती है। यह योजना उन श्रमिकों के लिए लागू है जो स्वयं का कार्य करते हैं, आयकर दाता नहीं हैं तथा ईपीएफ जैसी किसी सामाजिक सुरक्षा योजना में अंशदान नहीं करते हैं। योजना में 18 से 40 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। 18 वर्ष की आयु में योजना से जुड़ने पर मात्र 55 रुपये प्रतिमाह अंशदान देना होता है, जबकि 40 वर्ष की आयु में जुड़ने वाले हितग्राही को 200 रुपये प्रतिमाह जमा करने होंगे। हितग्राही जितनी राशि जमा करता है, उतनी ही राशि केंद्र सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। योजना में शामिल हितग्राही को 60 वर्ष की आयु तक नियमित अंशदान करना होता है।

# परसवाड़ा जनपद के इंजीनियर को कमीशन नहीं देने पर मूल्यांकन रोकने का आरोप

सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन आंदोलन की चेतावनी



**नवभारत, परसवाड़ा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा में पदस्थ उपयंत्री ज्ञान प्रकाश सुलाखे पर सरपंचों ने निर्माण कार्यों के मूल्यांकन के बदले कमीशन मांगने और समय पर मूल्यांकन नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर मंगलवार को सरपंच संघ ने जनपद पंचायत पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके को ज्ञापन सौंपा और उपयंत्री को तत्काल हटाकर जांच कराने की मांग की।

सरपंच संघ के उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत लिंगा के सरपंच कपूरचंद वरकड़े ने बताया कि ग्राम पंचायत में नलकूप निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी सही मूल्यांकन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन नहीं देने के कारण कम राशि का मूल्यांकन किया गया।और तो और मजदूरों की मजदूरी भी काटी जा रही है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपयंत्री द्वारा जातिसूचक शब्दों का उपयोग करते हुए अभद्र व्यवहार किया गया। सरपंच का कहना है कि इंजीनियर द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण नहीं किया जाता और पंचायत प्रतिनिधियों को फाइल लेकर उनके कमरे में बुलाया जाता है।

महिला सरपंच प्रमिला उइके और गीता हिम्मत उइके ने भी इंजीनियरों के व्यवहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों का मूल्यांकन समय पर नहीं किया जाता, जिससे पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। महिला सरपंचों ने कहा कि इंजीनियर मौके पर निरीक्षण करने के बजाय उन्हें अपने कमरे में बुलाते हैं और कई बार अभद्र भाषा का उपयोग करते हैं।

पोंगारझोड़ी के सरपंच दिनेश वरकड़े ने कहा कि पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यों में 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन मांगा जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि कोई सरपंच कमीशन देने से मना करता है तो उसके कार्यों का मूल्यांकन रोक दिया जाता है या कम राशि का मूल्यांकन किया जाता है।

सरपंचों ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित उपयंत्री के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो सरपंच संघ आंदोलन और चक्का जाम करने को मजबूर होगा।

मामले की शिकायत परसवाड़ा विधायक मधु भगत तक भी पहुंचाई गई है। जानकारी के अनुसार विधायक ने अधिकारियों से चर्चा कर मामले में जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके ने बताया कि सरपंचों द्वारा सौंपा गया ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ को भेज दिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान सरपंच संघ उपाध्यक्ष कपूर वरकड़े, दिनेश वरकड़े, जयदेव मेरावी, प्रमिला उइके, गीता हिम्मत उईके, सीता परते, सरोज वाडिवा, अनुसुइया मेरावी, रमेश धुर्वे, कुंवर मेरावी, सरपंच प्रतिनिधि मोहगांव, सरपंच प्रतिनिधि पोण्डी सहित अन्य सरपंच एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मरीज छोड़कर लौट रही एंबुलेंस पेड़ से टकराई, चालक जिंदा जला





**नवभारत, परसवाड़ा।** बालाघाट जिले के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी एंबुलेंस चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। नागपुर से मरीज छोड़ने आई एंबुलेंस कनई-खर्रा रोड पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद वाहन में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक बाहर नहीं निकल सका और वाहन के नीचे फंसकर जिंदा जल गया।

जानकारी के अनुसार निजी एंबुलेंस क्रमांक रू॥ 31 श्वरू0341 नागपुर से मरीज शिवप्रसाद को ग्राम चंदना के संतरीटोला छोड़ने आई थी। मरीज को रात करीब 2 बजे घर छोड़ने के बाद चालक ने लगभग दो घंटे आराम किया। सुबह करीब 4 बजे वह वाहन लेकर वापस निकला और कनई होते हुए नैनपुर मार्ग से लौट रहा था। इसी दौरान कनई और खर्रा के बीच वाहन तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर के बाद एंबुलेंस पलट गई और उसमें आग लग गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि कुछ ही देर में पूरी एंबुलेंस आग की लपटों में घिर गई। आशंका जताई जा रही है कि चालक ने बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन वाहन के नीचे फंस जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना सुबह तेंदू पत्ता तोड़ने वाले ग्रामीणों ने परसवाड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान माइकल अन्ना (56) पिता एंटोनी निवासी कौसल्या नगर, गली नंबर 16, थाना अजनी, नागपुर के रूप में हुई है।

परसवाड़ा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है। वहीं घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मार्च माह में बैहर से मलाजखंड मार्ग पर केवलारी के समीप भी इसी तरह का हादसा हुआ था, जिसमें तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में अन्ना 11 ने जीता खिताब




**नवभारत, उकवा।** खेलो की नगरी उकवा नगर जो केवल मैंगनीज की खान नहीं अपितु प्रतिभाओं की भी खान है,जहां प्रतिदिन कुछ न कुछ आयोजन होते रहते हैं,जहां पर फुटबॉल के साथ साथ अब बच्चों ओर बड़ों में क्रिकेट की दीवानगी भी देखते बनती है,उकवा में आयोजित यूपीएल सीजन टू का शानदार आगाज किया गया ,जिसमें साथ टीमों ने हिस्सा लिया, और अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया,सात दिनों तक चले इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अन्ना इलेवन और रजत इलेवन के मध्य हुआ,जिसमें अन्ना इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जीत का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बैहर एसडीएम एवं आईएएस अधिकारी अर्पित गुप्ता,आदित्यनारायण तिवारी आईएएस अधिकारी ,विशाल कुमार आईएफएस अधिकारी,श्रीश प्यासी एसडीएम परसवाड़ा,आकाश शर्मा चौकी प्रभारी उकवा,आशुतोष सिंह रेंजर,जेम्स बारीक सामाजिक कार्यकर्ता एवं उपाध्यक्ष जिला फुटबॉल संघ बालाघाट,सचिन पटेल निरीक्षक,संतोष सोनी आदि अधिकारी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

अन्ना इलेवन सीएस बिसेन,आहिल इलेवन हेमंत बाग,रजत इलेवन मंगेश उजगावनकर,उकवा बस्ती इलेवन मनोज अग्रवाल,रॉयल लॉ असेंबली परमानंद पारदी,थंडर बोल्ट टाइटन राजेश उमरे, अव्यान इलेवन मोनू पुसाम।

प्रतियोगिता के फाइनल विजेता टीम अन्ना इलेवन को सभी अतिथियों द्वारा नगद 51000 इनकावन हजार एवं बहुत ही आकर्षक ट्रॉफी एवं उपविजेता रजत इलेवन को नगद इक्कीस हजार एवं चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई,फाइनल में शांतनु पटेल ने चार गेंदे में एक सिक्स एक चौका लगा दस बनाया जिसे मेंन आफ द टूर्नामेंट से नवाजा गया।




## पुरातत्व टीम ने लांजी क्षेत्र के ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व का आकस्मिक निरीक्षण किया

**नवभारत, लांजी।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट के संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में दिनांक 19/5/26 को प्रात:काल 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक लांजी क्षेत्र के ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व का आकस्मिक निरीक्षण किया। लांजी के कोटेश्वर महादेव मंदिर प्रात:काल पूजन-अर्चन, मंदिर परिसर क्षेत्र यत्र-तत्र खंडित भग्नावशेष का अवलोकन कर जीर्णोद्धार करने,पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जाए, लांजी किले के अंदर बने पुरातत्व संग्रहालय में रखी प्रतिमाओं को पीलर पर स्थापित कर, प्रतिमाओं के नाम, काल निर्धारित कर व्यवस्थित रुप से स्थापित करवाने तथा लांजी-किरनापुर क्षेत्र में बिखरे पुरातात्विक अवशेषों का संरक्षण पंजीयन, जो प्रतिमाओं को व्यवस्थित नहीं रखा जा सकता, उन्हें पुरातत्व संग्रहालय बालाघाट में पहुंचाने हेतु विस्तृत रुपरेखा तैयार की गई। तदोपरान्त इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय ने काली मंदिर, लंजिकाई मंदिर, लांजी किले में अवस्थित पुरातात्विक अवशेषों, किले के अंदर संग्रहित प्रतिमाओं का अवलोकन किया। आकस्मिक निरीक्षण दौरान डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार, डॉ.रामविजय शर्मा से.नि.तहसीलदार, इतिहासकार, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे,से.नि. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नागपुर, दिनेश कुमार नेमा समाजविद्, उमेश सैय्याम, विजय कुमार, हिरेश वाग सहित अन्य उपस्थित थे।

## नवागत खंड चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता का पुष्पगुच्छ से किया गया स्वागत



**नवभारत, लामता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता में नवागत खंड चिकित्सा अधिकारी के स्वागत में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लामता के गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों ने सुबह लगभग 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर नवागत खंड चिकित्सा अधिकारी का पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुचारु एवं बेहतर बनाए जाने की अपील की। साथ ही क्षेत्रवासियों को समय पर उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

नवागत खंड चिकित्सा अधिकारी ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा मरीजों को हर संभव सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आश्रम के लिये जमीन दिलाने के बहाने बीस लाख हड़पे

जालसाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज




**जबलपुर।** जालसाज ने साध्वी को आश्रम के रजिस्ट्रेशन व उसके लिये जमीन दिलाने का झांसा देकर बीस लाख रुपये हड़प लिये। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक साध्वी 50 वर्षीय आत्म निष्ठा उर्फ लता सिंह ठाकुर निवासी मन्नू अस्पताल के समीप कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ वर्ष पहले उनकी जान पहचान परविंद गुजराल उर्फ मोंटी से हुई थी, जो कि नियमित गौमुख आश्रम आता था। जिसने उन्हें खुद को प्रापर्टी डीलर व राजनीतिक और प्रशासनिक व्यक्तियों से अच्छी जान पहचान होने का झांसा दिया था। जिस पर उन्होंने अपने आश्रम के लिये परविंदर से दो से तीन एकड़ जमीन दिखाने के लिये कहा। जिस पर परविंदर ने उन्हें बरेला वायपास के पास तीन एकड़ जमीन दिखाई और उक्त जमीन खुद की होना बताते हुए दस लाख रुपये एकड़ के हिसाब से बेचना बताया। जिसके बाद बीस लाख रुपये नगद व शेष दस लाख रुपये पंजीयन बैनामा के समय देना तय हुआ। जब पीड़िता ने जमीन का बैनामा करने की बात की तो आरोपी परविंदर टालमटोली करने लगा। जब पतासाजी की गई तो जानकरी लगी कि उक्त जमीन किसी किसान की है, जो कि परविंदर को जानता ही नहीं है। किसान के द्वारा बताया गया था कि मैं किसी मोंटी गुजराल को नही जानता हूं उक्त भूमि किसी मोंटी गुजराल की नही है। तबसे आज तक ना जमीन का पता है ना ही रजिस्ट्रेशन का पता है। जब हमने पैसो को वापस मांगा तो मोंटी गुजराल टाल मटोल शुरू कर दी। जब उन्होंने पैसे देने का दवाब बनाया तो मोंटी बोला कि अभी मेरे पास पैसे नही हैं। जो पैसे आपने दिये थे उसके बदले में, मैं आपके परिचितों के गन लायसेंस करा दूंगा, इसके बाद मोंटी दोबारा नही मिला। इतना ही नहीं उसने अपना फोन भी बंद कर लिया, मोंटी ने धोखाधडी करते हुये 20 लाख रूपये हड़प लिये है।

## 744 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल में वाणिज्य परिचालन विभाग के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2026 माह में रूपये 744 करोड़ 13 लाख का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी माह (रूपये 739 करोड़ 84 लाख) कि तुलना में अधिक है। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 220 करोड़ 06 लाख, माल यातायात से रुपये 480 करोड़ 82 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 15 करोड़ 31 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 27 करोड 94 लाख का रेलवे ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू शामिल है।

# दिनदहाड़े झपट्टा मारकर युवक का मोबाईल लूट ले गये बदमाश

घमापुर के शीतलामाई मंदिर क्षेत्र के समीप वारदात



**जबलपुर।** घमापुर थानातंर्गत शीतलामाई मंदिर के समीप एक्सिस सवार दो बदमाश एक युवक को झपट्टा मारकर उसका कीमती मोबाईल ले उड़े। दिनदहाड़े हुई उक्त वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि अच्छे मियां का बाड़ा निवासी 27 वर्षीय प्रकाश राजपूत महाधिवक्ता कार्यालय में काम करता है। बीते दिवस दोपहर ढाई बजे वह अपने घर से किराना का सामान लेने शीतलामाई मंदिर की ओर जा रहा था। उसी समय उसके मोबाईल पर फोन आया, जैसे ही उसने बात करने के लिये मोबाईल निकाला, तभी घमापुर तरफ से एक्सिस में सवार व्यक्ति पहुंचा और झपट्टा मारकर उसका ओप्पो कंपनी का मोबाईल ले भागा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।